ये श्याम के दीवाने तेरा नाम लिए जाएँ

ये श्याम के दीवाने ,तेरा नाम लिए जाएँ,
प्रेम डोर श्याम खीचे, अपनी ओर लिए जाएँ॥

दूर रहते हो आप मेरे पास आते नहीं,
होठों से मेरे तेरा नाम जाता नहीं,
ऐसा लगे जैसे की श्याम हंस के झलक कोई दिए जाए ,
ये श्याम के दीवाने तेरा नाम लिए जाएँ,
प्रेम डोर श्याम खीचे अपनी ओर लिए जाएँ,

बात जब मैं करूँ तेरी ही करूँ,
तेरी एक नज़र पे ही मैं मरूं,
तेरी झलक तेरी नज़र दिल का मेरे तो चैन लिए जाए,
ये श्याम के दीवाने तेरा नाम लिए जाएँ,
प्रेम डोर श्याम खीचे अपनी ओर लिए जाएँ

प्रेम से तेरे तकदीर खुल गयी,
तेरे नाम की मुझे जागीर मिल गयी,
दीपक तेरा दिन रात अब सबको तेरे पैगाम दिए जाए,
ये श्याम के दीवाने तेरा नाम लिए जाएँ,
प्रेम डोर श्याम खीचे अपनी ओर लिए जाएँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1812/title/ye-shyam-ke-deewana-tera-naam-liye-jayen-prem-hor-shyam-khiche-apni-dor-liye-jaiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |